प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 08.12.2024

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में एम्स की तर्ज पर हर संभाग में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस खोले जाएंगे।
- बीजापुर जिले में पुलिस कैम्प पर की गई गोलीबारी में तीन जवान घायल।
- पीएससी भर्ती परीक्षा में अनियमितता के मामले में सीबीआई पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक से कर रही है पूछताछ।
- मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की वर्षा।

मुख्यमंत्री—लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में एम्स की तर्ज पर हर संभाग में सिम्स यानि छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात आज नवा रायपुर स्थित रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हॉस्पिटल में नये सीटी स्कैन, एमआरआई यूनिट, डायलीसिस यूनिट और आपातकालीन चिकित्सा यूनिट का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित व्हाइट कोट सेरेमनी में भी शामिल हुए।

माओवादी—गोलीबारी

बीजापुर जिले में माओवादियों ने आज सुबह पुलिस कैंप पर गोलीबारी की। हमारे संवाददता ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव के हवाले से बताया है कि इस हमले में सुरक्षा बल के तीन जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं।

वहीं, बीजापुर जिले में ही माओवादियों ने बीती रात लोदेड गांव में एक महिला की मुखबिरी के शक में हत्या कर दी है।

इसी जिले में एरिया डॉमिनेशन पर निकली सीआरपीएफ की टीम ने तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोकुर पटेल पारा के पास पहाड़ी के नीचे पांच किलोग्राम का आईईडी बरामद किया है। इस आईईडी को जवानों ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण आगामी ग्यारह दिसंबर को देशभर के इंक्यावन केंद्रों पर एक साथ शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में दुर्ग स्थित भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ''स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन'' की मेजबानी करेगा। इस कार्यक्रम में तेरह राज्यों से अट्ठाईस प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में एक सौ छियासी प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें तिरासी महिलाएं भी हैं। वहीं, देशभर की इकतीस टीमें भाग लेंगी।

छत्तीसगढ़ में चार स्थानों पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इनमें भिलाई, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग शामिल हैं।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के लिए हो रही तैयारियों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के प्रोफेसर डॉक्टर पवन कुमार पटनायक।

आरती वासनिक–सीबीआई

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी भर्ती परीक्षा में हुई कथित अनियमितता मामले में पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक से पूछताछ कर रही है। दो दिन पहले सीबीआई टीम ने आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित घर पर भी छापा मारा था।

गौरतलब है कि पीएससी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने हाल ही में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और एक उद्योगपति को गिरफ्तार किया है।

डाटा एंट्री पदोन्नति

छत्तीसगढ़ शासन के कुछ विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदोन्नति चैनल को निर्धारित करने के मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य उच्च न्यायालय ने प्रदेश शासन के दस विभागों के साथ–साथ सामान्य प्रशासन विभाग और वित्त विभाग को नोटिस भेजकर आठ सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर और डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई है, जिसमें कहा गया है कि राज्य शासन के पन्द्रह विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों का पदोन्नति चैनल निर्धारित है, लेकिन दस विभाग ऐसे है, जहां पदोन्नति चैनल निर्धारित नहीं है। इस कारण इन विभागों में पिछले कई वर्षों से ये डाटा एंट्री ऑपरेटर बिना पदोन्नति के एक ही पद पर काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री–शपथ ग्रहण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और इस समाज के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का लाभ देश के पांच करोड़ जनजातीय लोगों को मिलेगा। इस योजना में छत्तीसगढ़ के भी अनेक जनजातीय बहुल गांव शामिल हैं।

उपमुख्यमंत्री–लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कल मुंगेली जिले के खुड़िया में दो सौ नब्बे करोड़ रुपए से अधिक की लागत के मल्टी–विलेज जल प्रदाय योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जल जीवन मिशन के तहत खुड़िया मल्टी–विलेज योजना से मुंगेली जिले के तीनों विकासखंडों के दो सौ छह गांवों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। जिले के करीब साठ हजार परिवारों को इस योजना का फायदा मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने मुंगेली जिले के ही नवरंगपुर में नये विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। इस नए विद्युत उपकेंद्र से क्षेत्र के बाईस गांवों को लो–वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इससे छह हजार बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

पुलिस आरक्षक–भर्ती

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा पुलिस विभाग में आरक्षक पद में भर्ती पर लगी रोक को हटाने के बाद राज्य के विभिन्न संभागों में भर्ती प्रक्रिया एक बार फिर से शुरू हो गई है। दुर्ग संभाग के तहत दुर्ग, बालोद,

बेमेतरा जिलों में भी आज से भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई। पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि आज पांच सौ उम्मीदवारों को प्रथम चरण के तहत फिजिकल और दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया था, जिसमें दो सौ संतावन अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

बस्तर ओलंपिक–मशाल रैली

बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली आज केशकाल से रवाना होकर जिला मुख्यालय कोंडागांव पहुंची। कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार और नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी सहित जनप्रतिनिधियों ने रैली में शामिल खिलाड़ियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद मशाल रैली को कोण्डागांव से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री–झंडा दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में योगदान करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री से कल सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें लेपल पिन लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि से सत्ताईस कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इस निधि से एक करोड़ पांच लाख रुपए की राशि विभिन्न योजनाओं के तहत सैनिकों और शहीदों के परिवारों को वितरित की गई है।

दुर्घटना

दुर्ग नगर में आज हुई सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दुर्ग में सेक्टर–एक के पास एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

मौसम

आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि राज्य के कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है।

<><><><>